*"With reference to the above subject, it is respectfully brought to your kind notice that my normal electricity consumption pattern is around 140-150 units per month. Further more I have to clarify that since October 2024 to June 2025, my normal consumption of electricity varied from minimum 66 unit to maximum 148 unit per month, as it is quite evident from my previous bills. But in the month of July 2025 it is showing abruptly 15490-13085= 2405 units having consumed, which is very-very high. There are only two senior citizens living in our*

*house. I complained the same to SDO concerned Tuner Road (Copy attached) and got installed check meter. But check meter could not detect the jumping of meter readings. Therefore concerned SDO prayer could not help me. Hence, I humbly request you that my case may be taken up and I may please be billed for July 2025 on my previous yearly/half yearly consumption pattern."*

**उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 765, दिनांकित 01/12/2025 से मंच को अवगत कराया है** *"कि उपभोक्ता को वास्तविक रीडिंग के आधार पर ही बिल प्रषित किया गया है।"*

**विपक्षी द्वारा एक अन्य आख्या पत्रांक संख्या 797, दिनांकित 08.12.2025 से मंच को अवगत कराया है** *"कि उपभोक्ता द्वारा अधिक बिल आने की शिकायत की गई है। उपभोक्ता का मीटर एलएण्ड०टी० का होने के कारण मीटर की एम०आर०आई० होना सम्भव नहीं है। उपभोक्ता के परिसर पर चैक मीटर स्थापित किया गया था। चैक मीटर की आख्या के अनुसार दोनों मीटरों की रीडिंग में कोई अन्तर नहीं पाया गया है। साथ ही दिनांक–06.12.2025 को मीटर की रीडिंग चैक कराई गई है, जो कि 16150 KWH पायी गई है, जो कि उचित प्रतीत होती है।"*

**मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एंव पत्रावली का अवलोकन किया गया।** पत्रावली पर उपलब्ध निर्गत विद्युत बिल के अवलोकन से स्पष्ट है कि विपक्षी द्वारा परिवादी को दिनांक 22.06.2025 से 22.07.2025 अर्थात् 30 दिनों में 3 किलोवाट के स्वीकृत भार पर 2405 यूनिट की खपत दर्शायी गयी है। मंच द्वारा विपक्षी को उक्त खपत को तकनीकि रूप से साबित करने हेतु एम0आर0आई0 प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था, परंतु विपक्षी उक्त विवादित खपत का कोई भी तकनीकि प्रमाण तथा एम0आर0आई0 आदि प्रस्तुत करने में नाकाम रहा है।

उपरोक्त के क्रम में मंच का मत है परिवादी के विवादित मापक में किसी प्रकार की अस्थायी तकनीकि खराबी उत्पन्न हुई होगी जिस कारण विद्युत मापक द्वारा विवादित बिल चक्र में वास्तविक विद्युत खपत से अधिक के

(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

(गढ़वाल क्षेत्र
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 2480
दूरभाषः 0135–2769745, 2769755, 276195
कार्यालयः 0135–2763672–75 फैक्स–0135–27673
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

उपभोग को दर्शाया गया है। अतः बिना किसी ठोस तकनीकि प्रमाण के दर्शायी गई विवादित खपत को मंच स्वीकार नहीं कर सकता है।

पत्रावली पर उपलब्ध कंज्यूमर हिस्ट्री के अनुसार विपक्षी द्वारा परिवादी को प्रत्येक बिल चक्र में मीटर रीडिंग के आधार पर बिल दिये जाते रहें है, जिनका परिवादी द्वारा नियमित रूप से ससमय भुगतान भी किया जाता रहा। उपरोक्त चर्चा के उपरान्त मंच का मत है कि विपक्षी द्वारा उपरोक्त खपत को तकनीकि रूप से साबित करने में नाकाम रहा है, ऐसी दशा में परिवादी को प्रेषित विद्युत बीजक दिनांकित 22.07.2025 को निरस्त कर उक्त बीजक को पूर्व की तीन बिल चक्रों की औसत खपत 124 (131+93+148 /3) यूनिट के आधार पर संशोधित किया जाना तर्कसंगत एवं न्यायोचित होगा।

## आदेश

मंच द्वारा विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि परिवादी को प्रेषित विद्युत बीजक दिनांकित 22.07.2025 को निरस्त कर उक्त बीजक को पूर्व की तीन बिल चक्रों की औसत खपत 124 (131+93+148 /3) यूनिट के आधार पर संशोधित करें, इस प्रकार संशोधित बीजक पर कोई सरचार्ज देय नहीं होगा। मंच द्वारा विपक्षी को यह भी निर्देशित किया जाता है कि परिवादी के परिसर पर स्थापित विद्युत मापक को अविलंब परिवर्तित कराया जाना सुनिश्चित करें ताकि भविष्य में पुनः इस प्रकार की शिकायत उत्पन्न न हो सकें। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय/प्रतिकर प्राप्त नहीं करेंगे। **इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80 बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है।** पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

30-12-2025
(सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

30/12/2025
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

30/12/25
(रजनीश माथुर)
तकनीकी सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135-2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण
(गढ़वाल
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवर्ल
देहरादून – 24
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276
ई–मेल cgrfgz@gmail.co

## परिवाद सं0 78 / 2025

श्री हिमांशु त्यागी पुत्र श्री शील कुमार त्यागी
निवासी– कृष्णा विला, लेन नं0 7, चमन विहार
फेस 2, देहरादून।

परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (दक्षिण)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

विपक्षी

कोरम
श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली
श्री दीपक फरस्वाण
श्री रजनीश माथुर

दिनांक: 09.12..2025
न्यायिक सदस्य
उपभोक्ता सदस्य
तकनीकी सदस्य

## निर्णय

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद उनके विद्युत बिल आई.डी.एफ. के आधार पर प्रसारित किये जाने तथा खराब विद्युत मापक बदले न जाने के सम्बन्ध में योजित किया गया है।

परिवादी का कथन है कि *"प्रार्थी का विद्युत कनेक्शन संख्या SD25372929633 है। विभाग द्वारा लगातार आई0डी0एफ0 श्रेणी के विद्युत बिल भेजे जा रहे हैं। शिकायत के बावजूद विद्युत मीटर नहीं बदला जा रहा है। अतः*

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मं
(गढ़वाल क्षे
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 2480
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 27619
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrfgz@gmail.cor

*निवदेन है कि विद्युत नियामक आयोग की नियमावली के आधार पर प्रार्थी के विद्युत बिल संशोधित एवं खराब मीटर को बदलवाने की कृपा कीजिएगा।"*

उपरोक्त के सन्दर्भ मे विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 2286, दिनांकित 06/11/2025 से मंच को अवगत कराया गया है कि *"श्री हिमांशु त्यागी संयोजन संख्या SD25372/929633 का आई.डी.एफ. मीटर मापक स्कंध द्वारा दिनांक 04.11.2025 को बदल दिया गया है।"*

मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध कंज्यूमर हिस्ट्री के अवलोकन से स्पष्ट है कि विपक्षी द्वारा परिवादी को दिनांक 11.07.2025 से 20.11.2025 अर्थात् 05 बिल चक्रों में IDF के आधार पर विद्युत बिल जारी किये गये। इस प्रकार विपक्षी द्वारा परिवादी को कुल 05 बिल चक्रो में औसत (आई0डी0एफ0) के आधार पर बिल जारी किये गये, जिस पर परिवादी को आपत्ति है।

यहाँ पर यह उल्लेख करना आवश्यक है कि माननीय् **Uttarakhand Electricity Regulatory Commission** के विनियम **UERC (The Electricity Supply Code, Release of New Connections and Related Matters) Regulations, 2020** के विनियम 5.1.7(1) में त्रुटिपूर्ण/अटके हुए/रूके हुए/जले हुए मीटरों के स्थल पर रहने की अवधि में या चोरी हुये मीटरों की बिलिंग में स्पष्ट उल्लेख किया गया है जो कि निम्वत् है–

(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण
(गढ़वाल
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 248
दूरभाषः 0135–2769745, 2769755, 2761
कार्यालयः 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrfgz@gmail.co

**5.1.7(1) "The Consumer shall be billed on the basic of the average consumption of the past three billing cycles immediately preceding the date of the meter being found or being reported defective/stuck/stopped/burnt/stolen. These charges shall be leviable for a maximum period of 2 billing cycle during which time the Licensee is expected to have replaced the defective meter''** उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि विपक्षी द्वारा मान्नीय UERC के उपरोक्त विनियमों का उलंघन किया गया है, जिसे मंच स्वीकार नही कर सकता है। अतः इस परिस्थिति मे परिवादी को प्रेषित बिल दिनांकित 11.07.2025 से दिनांक 20.11.2025 अर्थात् 05 विद्युत बिल चक्रों में प्रेषित आई0डी0एफ0 बिलो में से UERC के उपरोक्त वर्णित विनियम के अनुसार शुरूआत के सिर्फ प्रथम दो बिलों की राशि ही परिवादी से लिया जाना सुनिश्चित करें तथा अगले दो निर्गत बिल क्रमशः 27.09.2025 एवं 24.10.2025 को निरस्त कर उक्त विद्युत बिलों में केवल फिक्सड चार्ज लिया जाए। दिनांक 20.11.2025 को निर्गत बिल (आई0डी0एफ0 के आधार पर बनाये गये बिल को छोड़कर) केवल नये मीटर की वास्तविक रीडिंग के आधार पर संशोधित किया जाना तर्कसंगत एवं न्यायोचित होगा।

## आदेश

मंच द्वारा विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि उनके द्वारा परिवादी को प्रेषित बिल दिनांकित 11.07.2025 से 20.11.2025 अर्थात् 5 विद्युत बिल चक्रों में प्रेषित आई0डी0एफ0 बिलों में से UERC के उपरोक्त वर्णित विनियम

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण म
(गढ़वाल क्षे
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 248
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 27619
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrfgz@gmail.co

के अनुसार शुरूआत के सिर्फ प्रथम दो बिलों की राशि ही परिवादी से लिया जाना सुनिश्चित करें अगले दो निर्गत बिल क्रमशः 27.09.2025 एवं 24.10.2025 को निरस्त कर उक्त विद्युत बिलों में केवल फिक्सड चार्ज लिया जाए। दिनांक 20.11.2025 को निर्गत बिल (आई0डी0एफ0 के आधार पर बनाये गये बिल को छौड़कर) केवल नये मीटर की वास्तविक रीडिंग के आधार पर संशोधित करें इस प्रकार संशोधित बीजक पर किसी भी प्रकार का सरचार्ज देय नहीं होगा। विपक्षी आदेश के अनुपालन आख्या आदेश प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर मंच में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय/प्रतिकर प्राप्त नही करेंगे। इस निर्णय से संतुष्ट नही होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80, वसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

09-12-2025
(सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

09/12/2025
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

09/12
(रजनीश माथुर)
तकनीकी सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण म
(गढ़वाल क्षे
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 2480
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 276195
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–27673
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

परिवाद सं0 79 / 2025

श्रीमती कुसुम थापा पत्नी श्री हेम सिंह थापा
निवासी– गोविंद विहार आंबेडकर मार्ग,
नियर प्राइमरी स्कूल निकट,
स्वेत धारा डेरी, देहरादून।

परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (दक्षिण)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

विपक्षी

कोरम

दिनांक: 04.12.2025

श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली — न्यायिक सदस्य
श्री दीपक फरस्वाण — उपभोक्ता सदस्य
श्री रजनीश माथुर — तकनीकी सदस्य

निर्णय

The complainant registered the complaint regarding bill discrepancy.

The complainant submits and prays as under:-

*"My name is Ridhi Thapa, I am writing this email with utter disappointment on behalf of my mother Mrs Kusum Thapa. We have been facing a bill discrepancy issue on her electricity account, with the account no. 40231404521 and connection no. SD16173156941 and the office is in Vasant Vihar. Few months ago, we received the electricity bill but when we tried to pay it online, we noticed that the online amount displayed was lesser than we received on the paper bill, I tried to contact 1912 to discuss why there is a discrepancy but they had no answer, i*

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मं
(गढ़वाल क्षे
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 2480
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 27619
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–27673
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

*tried to call Mr. Sachin who sits in the Vasant Vihar branch , he initially asked me to whatsapp him the bill and said that he would get back to me but he never did, i tried to call him multiple times but he stopped picking my call, I would like to mention in here that I am not local to Dehradun, i stay in Delhi and i had to come back to dehradun and go to the UPCL office Vasant Vihar Branch, since Mr. Sachin did not help me. When i reached there and talk to him, he told me there are some ASD charges which we were supposed to pay we are ok with it but the issue was why the online bill amount and paper bill amount are different, he had no answer but he did something and suddenly the online bill amount became the same as it was on the paper bill. He gave me the assurance that it would never happen but after few months again, when i received the bill this month, it shows the same issue, the online amount displayed for the electricity bill is lesser that the paper bill amount, i contacted Mr.Sachin , he asked me to do the same thing to whatsapp him the bill and again stop responding to my call. I somehow got the no. of the SDO Mr . Vinay Kumar, spoke with him on Saturday on this no. 9412075924, told him about my issue, he said he would take care of it but he did not, i called him today as well reminded him that today is the last day for bill payment kindly correct the bill but he said* ***"hum kar rahe hai ho jayega"*** *the same thing he said on Saturday. I am very much frustrated with all this back and forth as i mentioned i am not in dehradun and my mother is not well and she can't visit the UPCL office for all those minute issues which can be taken care over the phone by the office staff but unfortunately the staff and even the seniors are not responsible enough to take care and resolve the issues when the issue is not from our side but from the UPCL staaf side. Whenever i go to the UPCL office Vasant Vihar branch I don't see the senior manager sitting in the cabin, I don't know whom to complain to. The staff is really unhelpful, unprofessional, I really wanted to tweet about the UPCL careless behaviour and i will if i don't get the resolution There are so many people who are looking for a Govt job who are actually deserving but those who have are exploiting the*

(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

(गढ़वाल क्षे
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 248
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrfgz@gmail.co

*leverages of being a Gov. employee. This has to be stopped and they need to take care of the complaints more seriously and have to come out of this " **kar rahe hue,** hojayega" attitude. I spend so much of my time in writing this email and telling you my issue. I hope you will take few seconds and read the complete email and end this issue once and for all. I am attaching the screen shot of bill i received and the bill amount i see online. Also, please check our record, we always pay the bill before time and there was no balance amount ever from our end. Since, its the last date to pay the bill,. i will pay whatever amount is showing online but kindly take serious action and correct the discrepancy of online and offline bill."*

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 996, दिनांकित 06/11/2025 से मंच को अवगत कराया है कि *"उपभोक्ता के सभी बिल मीटर रीडिंग के आधार पर MU में बने हैं एवं सभी बिल सही हैं। स्पॉट बिलिंग मशीन द्वारा बिलिंग किये जाने पर 31 तारीख का बिलिंग डाटा स्पॉट बिलिंग मशीन में डाउनलोड करके तैयार किया जाता है, यदि उपभोक्ता पिछले माह के बिल का उसी माह में भुगतान नहीं करके अगले माह में करता है तो उस स्थिति बिलिंग मशीन में भुगतान का डाटा अपडेट नहीं होने से वह पिछले बिल की धनराशि भी जुड जाती है। ऑनलाईन सिस्टम में उपभोक्ता द्वारा भुगतान करते ही उसी समय अपडेट होने से उपभोक्ता को ऑनलाईन बिल कम दिखाई देता है, क्योंकि भुगतान की गई धनराशि तुरन्त समायोजित होती है। बिल धनराशि सही प्रदर्शित हो इसके लिये सभी मीटर रीडरों को निर्देशित किया जा रहा है कि वे तीन–तीन दिन पर कार्यालय आकर अपना बिलिंग डेटा अपलोड करायें तथा, फिर से डाटा डाउनलोड करायें जिससे बिल धनराशि एक की प्रदर्शित हो।"*

मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध परिवादी के शिकायती पत्र से स्पष्ट है कि परिवादी की मूल शिकायत है कि पेपर बिल में धनराशि अधिक है एवं ऑनलाईन बिल

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मं
(गढ़वाल क्षे
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 2480
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 27619
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–27673
ई–मेल cgrfgz@gmail.com

में धनराशि कम है। विपक्षी द्वारा परिवादी की शिकायत के क्रम में अवगत कराया गया कि स्पॉट बिलिंग मशीन द्वारा बिलिंग किये जाने पर 31 तारीख का बिलिंग डाटा स्पॉट बिलिंग मशीन में डाउनलोड करके तैयार किया जाता है, यदि उपभोक्ता पिछले माह के बिल का उसी माह में भुगतान नहीं करके अगले माह में करता है तो उस स्थिति बिलिंग मशीन में भुगतान का डाटा अपडेट नहीं होने से वह पिछले बिल की धनराशि भी जुड जाती है। ऑनलाईन सिस्टम में उपभोक्ता द्वारा भुगतान करते ही उसी समय अपडेट होने से उपभोक्ता को ऑनलाईन बिल कम दिखाई देता है, क्योंकि भुगतान की गई धनराशि तुरन्त समायोजित होती है। परिवादी द्वारा मंच को यह भी अवगत कराया कि बिल धनराशि सही प्रदर्शित हो इसके लिये सभी मीटर रीडरों को निर्देशित किया जा रहा है कि वे तीन–तीन दिन पर कार्यालय आकर अपना बिलिंग डेटा अपलोड करायें जिससे स्पॉट बिलिंग बिल एवं ऑनलाइन बिल की धनराशि में कोई अन्तर न हो।

उपरोक्त चर्चा के उपरान्त मंच का मत है कि विपक्षी द्वारा द्वारा परिवादी की शिकायत का स्थाई समाधान हेतु अपने अधिनस्थों को निर्देशित किया गया है। इस परिस्थित में उक्त वाद आगे चलाने का कोई औचित्य नही रह जाता है। अतः वाद निस्तारित किये जाने योग्य है।

## आदेश

उपरोक्त परिस्थियों उपरांत उक्त वाद निस्तारित किया जाता है। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का द व्यय/प्रतिकर प्राप्त नही करेंगे। इस निर्णय से संतुष्ट नही होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80, बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

04-12-2025
(सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

04/12/25
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

04/12
(रजनीश माथुर)
तकनीकी सदस्य

(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135-2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

(गढ़वाल
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवल
देहरादून – 24
दूरभाषः 0135–2769745, 2769755, 276
कार्यालयः 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276
ई–मेल cgrfgz@gmail.c

## परिवाद सं0 80/2025

श्री पवन कुमार पुत्र श्री फग्गू राम
निवासी–विकासनगर रोड,
हरबर्टपुर, देहरादून।

परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (विकासनगर)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

विपक्षी

कोरम
श्री रजनीश माथुर
श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली
श्री दीपक फरस्वाण

दिनांकः 22.12.2025
तकनीकी सदस्य
न्यायिक सदस्य
उपभोक्ता सदस्य

## निर्णय

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद उनके विद्युत बिल संशोधित किये जाने के सम्बन्ध में योजित किया गया है। परिवादी का कथन है कि *"प्रार्थी ने आपके विभाग से एक विद्युत संयोजन लिया हुआ है जिसका नम्बर VN13211452132 है। महोदय जी दिनांक 19.05.2025 को नया विद्युत मीटर लगा था तथा जब विद्युत बिल आया तो वह मु0 52000/– रूपये का था। जबकि प्रार्थी एक गरीब व्यक्ति है। प्रार्थी के घर पर मात्र दो बल्ब, फ्रिज, दो सिलिंग फेन लगा हुआ है। जबकि प्रार्थी के पिछले बिल मात्र 1500/– रूपये के आस–पास आता था। प्रार्थी मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। अतः महोदय जी से विन्रम निवेदन है कि आप प्रार्थी के विद्युत बिल को सही करने की कृपा करें। प्रार्थी आपका सदैव आभारी रहेगा।"*

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 6101, दिनांकित 03/11/2025 से मंच को निम्नवत् अवगत कराया है:–

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V,C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण
(गढ़वाल
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 248
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrfgz@gmail.co

1. *"परिवादी का संयोजन घरेलू श्रेणी की उपश्रेणी STN-10/Other Domestic Load Upto 04 KW में 12 मार्च 2013 को निर्गत किया गया था, जिसकी संयोजन सं० VN13211452132 है।*
2. *परिवादी के परिसर पर दिनांक 19.05.2025 को स्मार्ट मीटर स्थापित किया गया, जिस पर पुराने मीटर की रीडिंग 17655 ( 5514 यूनिट ) पायी गयी।*
3. *परिवादी को विद्युत बीजक मीटर रीडिंग के आधार पर निर्गत किए गये है।"*

विपक्षी द्वारा एक अन्य आख्या पत्रांक संख्या 6582, दिनांकित 29.11.2025 से मंच को अवगत कराया है कि *"मा० फोरम के समक्ष दर्ज शिकायत सं० 80/2025 श्री पवन कुमार पुत्र श्री फग्गू राम, निवासी– विकासनगर रोड, हरबर्टपुर देहरादून की MRI रिपोर्ट मा० मंच के सम्मुख अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।"*

मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध कंज्यूमर हिस्ट्री के अवलोकन से स्पष्ट है कि विपक्षी द्वारा परिवादी को दिनांक 11.03.2025 से 19.05.2025(मीटर बदले जाने की तिथि) अर्थात् 70 दिनों की अवधि में एकाएक व 5514 यूनिट चार्ज किये तथा बिल चक्र 06/2025 में कुल 5616 (5514 यूनिट पुराने मीटर + 102 नये मीटर) यूनिट का विद्युत बिल प्रेषित किया गया। जिसपर परिवादी को आपत्ति है, क्योंकि न तो इतनी अधिक खपत पूर्व में कभी रही है न ही उक्त विवादित बिल चक्र के बाद।

मंच द्वारा विपक्षी सहायक अभियन्ता (राजस्व) की आख्या पत्रांक संख्या 6582 दिनांक 29.11.2025 के द्वारा प्रस्तुत एम0आर0आई0 का अध्ययन किया गया जिससे मंच के संज्ञान में आया कि मीटर रीडर द्वारा गलत रीडिंग भरे जाने के कारण परिवादी को उनकी वास्तविक खपत से कम पर विद्युत बिल प्रेषित किये गये।

उपरोक्त चर्चा से स्पष्ट है कि विपक्षी द्वारा उक्त प्रकरण में माननीय ***UTTARAKHAND ELECTRICITY REGULATORY COMMISSION*** के विनियम ***UERC (The Electricity Supply Code, Release of New Connections and Related Matters) Regulations, 2020*** के विनियम ***5.2.1(2)*** के प्रावधानों का पालन नहीं किया है, जिस के क्रम में विपक्षी वास्तविक मीटर रीडिंग पर ही आधारित प्रत्येक बिलिग चक्र के लिये बिल जारी करेगा।

बिलिंग हिस्ट्री के अवलोकन से स्पष्ट है कि विवादित बिल के पूर्व में विपक्षी द्वारा परिवादी को मीटर्ड यूनिट के आधार पर ही विद्युत बिल निर्गत किये गये है। उपरोक्त विनियम के आलोक से मंच का मत है कि वह सभी

(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण
(गढ़वाल
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवल
देहरादून – 24
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276
ई–मेल cgrfgz@gmail.co

वास्तविक खपत के बिल है जो पूर्णतः सही है। विपक्षी द्वारा परिवादी को माह जून 2025 मे 5616 ( 5514 यूनिट पुराने मीटर + 102 यूनिट नये मीटर ) यूनिट का रू0 40930.00 धनराशि का विद्युत बिल निर्गत किया गया जिसे परिवादी द्वारा स्वीकार नहीं किया गया क्योकिं परिवादी के अनुसार यह बिल पूर्व बिलों की तुलना में अत्याधिक राशि का है।

मंच का मत है कि मीटर रीडर द्वारा विवादित बिल चक्र से पूर्व लम्बी अवधि से वास्तविक रीडिंग से कम रीडिंग अंकित की जा रही थी एवं एकाएक बिल चक्र 06/2025 में 1 किलोवाट संयोजन पर 5616 यूनिट की विद्युत खपत दर्शायी गई है, जो कि माननीय UERC के उपरोक्त विनियमों का उल्लघन है, जिसे मंच स्वीकार नहीं करता है, ऐसी दशा में परिवादी को माह जून 2025 में प्रेषित विद्युत बीजक निरस्त कर उक्त विद्युत बीजक पूर्व की तीन बिल चक्रों 03/2025, 01/2025 एवं 11/2024 की औसत खपत क्रमशः (272+300+357/3=309.66) अर्थात् 310 यूनिट पर सशोधित होने योग्य है।

## आदेश

मंच द्वारा विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि परिवादी को माह जून 2025 में प्रेषित विद्युत बीजक को निरस्त कर उक्त विद्युत बीजक को पूर्व की तीन बिल चक्रों 03/2025, 01/2025 एवं 11/2024 की औसत खपत क्रमशः (272+300+357/3=309.66) अर्थात् 310 यूनिट पर सशोधित करें, इस प्रकार संशोधित बीजक पर किसी भी प्रकार का सरचार्ज देय नहीं होगा। सहायक अभियन्ता (राजस्व) की आख्या पत्रांक संख्या 6582 दिनांक 29.11.2025 के साथ संलग्न एम0आर0आई0 रिपोर्ट के अध्ययन से स्पष्ट है कि मीटर रीडर की लापरवाही/मिलीभगत होने के कारण परिवादी को कम रीडिंग के बिल निर्गत किये जा रहे थें, जिस कारण मीटर में यूनिट जमा हो गई जो की पुराने मीटर को स्मार्ट मीटर से बदले जाने के समय उजागर हुई। परिवादी द्वारा एकाएक अत्याधिक धनराशि का बिल प्राप्त होने पर अपनी आपत्ति मंच के समक्ष रखी। मंच द्वारा अपने उपरोक्त मत के क्रम में विवादित बिल को निरस्त कर दिया गया और पूर्व तीन बिल चक्रों की औसत खपत पर संशोधित करने का आदेश विपक्षी को दिया जिस कारण विपक्षी को वित्तीय हानि हुई। पूर्व मे भी मंच के समक्ष एसे मामले सामने आए है, जिस में मंच द्वारा समरूप निर्णय लिये गये है। मंच द्वारा विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि अपने स्तर से बिलिंग एजेंसी की कार्य प्रणाली में सुधार हेतु आवश्यक कार्यवाही करें ताकि

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण
(गढ़वाल
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 248
दूरभाषः 0135–2769745, 2769755, 2761
कार्यालयः 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrfgz@gmail.co

provisional billing एवं accumulated reading आदि शिकायतों में कमी आ सके जिससे विभाग एवं प्रदेश को होने वाली राजस्व हानि से बचा जा सके। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय/प्रतिकर प्राप्त नहीं करेंगे। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80 बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

22-12-2025
(सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

22/12/25
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

22/12/
(रजनीश माथुर)
तकनीकी सदस्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण
(गढ़वाल
वि०क्रॉ०वि० गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 248
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrfgz@gmail.co

परिवाद सं0 82 / 2025

श्रीमती अनामिका पत्नी स्व0 पुष्कर सिंह
निवासी– गढ़वाली बस्ती, भाऊवाला, रामपुर
देहरादून।

परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (मोहनपुर)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

विपक्षी

कोरम
श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली
श्री रजनीश माथुर
श्री दीपक फरस्वाण

दिनांक: 09.12.2025
न्यायिक सदस्य
तकनीकी सदस्य
उपभोक्ता सदस्य

## निर्णय

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद विद्युत संयोजन निर्गत न किये जाने के सम्बन्ध में योजित किया गया है।

परिवादी का कथन है कि *"श्रीमती अनामिका पत्नी स्व0 श्री पुष्कर सिंह, निवासी–गढ़वाली बस्ती, भाऊवाला, रामपुर, देहरादून द्वारा दिनांक 14.10.2025 को ऑनलाईन माध्यम से नये घरेलू विद्युत संयोजन हेतु आवेदन किया गया था, जिसका संदर्भ संख्या 111410250558 है (आवेदन की प्रति संलग्न है)। प्रार्थीनी द्वारा ऑनलाईन आवेदन के क्रम में सभी आवश्यक औपचारिकताएँ पूर्ण की जा चुकी हैं, इसके बावजूद संबंधित विद्युत विभाग द्वारा आतिथि तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है और न ही प्रार्थीनी को किसी प्रकार की सूचना प्रदान की गई है। इस संबंध में जब विद्युत*

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण म
(गढ़वाल क्षे
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 248
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 27619
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrfgz@gmail.co

वितरण उपखंड, सेलाकुई कार्यालय से संपर्क किया गया तो वहाँ से बताया गया कि "एक ही परिसर में दो विद्युत संयोजनों का प्रावधान नहीं है"। महोदय इस विषय में माननीय विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्गत दिशा– निर्देशो मे स्पष्ट उल्लेख है कि "There shall not be more than one connection in the name of an applicant/consumer under the same category within the same premises". " एक ही परिसर के भीतर एक ही श्रेणी के अन्तर्गत आवेदक/उपभोक्ता के नाम पर एक से अधिक संयोजन नहीं होंगे।" अतः यह प्रावधान केवल एक ही आवेदक/उपभोक्ता के नाम पर एक से अधिक संयोजन पर प्रतिबंधित है न कि अलग–अलग व्यक्तियों द्वारा किए गए वैध आवेदनों पर। महोदय, यह भी उल्लेखनीय है कि जिस संपत्ति मे नया विद्युत संयोजन स्थापित किया जाना प्रस्तावित है, वह संपत्ति प्रार्थीनी की सासू माँ श्रीमती गुड्डी देवी के नाम पर दर्ज है। नये विद्युत संयोजन हेतु श्रीमती गुड्डी देवी द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) भी प्रदान किया गया है, जिसकी प्रति ऑनलाईन आवेदन के साथ संलग्न की गई है। इसके अतिरिक्त उक्त परिसर में पूर्व से स्थापित घरेलू विद्युत संयोजन (खाता संख्या 40102940948) से संबंधित वर्तमान तक सभी विद्युत बीजक जमा किये गये है व कोई किसी प्रकार का विद्युत बीजक बकाया शेष नही है। अतः आपसे निवेदन है कि उपर्युक्त तथ्यों एवं प्रार्थीनी द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों के आधार पर प्रार्थीनी के आवेदन को स्वीकार करते हुए यथाशीघ्र नये घरेलू विद्युत संयोजन निर्गत हेतु सम्बन्धित को आदेश देने की कृपा की जाए।"

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 1508 दिनांकित 21/11/2025 से मंच को अवगत कराया गया है कि "उपभोक्ता के परिसर में पूर्व से ही भूमि स्वामित्व के नाम से विद्युत संयोजन विद्यमान है

(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

(गढ़वाल
वि०क्रॉ०वि० गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 248
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrfgz@gmail.co

*एवं माननीय विद्युत नियामक आयोग के नियमानुसार एक परिसर में एक ही विद्या की दो विद्युत संयोजन निर्गत नही दिया जा सकता है"।*

मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। परिवादी की शिकायत के क्रम में विपक्षी द्वारा प्रस्तुत आख्या का मंच द्वारा अवलोकन किया गया जिसमें विपक्षी द्वारा अवगत कराया गया है कि *"उपभोक्ता के परिसर में पूर्व से ही भूमि स्वामित्व के नाम से विद्युत संयोजन विद्यमान है एव माननीय विद्युत नियामक आयोग के नियमानुसार एक परिसर में एक ही विद्या की दो विद्युत संयोजन निर्गत नहीं दिया जा सकता है।"* के कथन से मंच सहमत नहीं है।

यहाँ पर यह उल्लेख करना आवश्यक है कि माननीय् **Uttarakhand Electricity Regulatory Commission** के विनियम **UERC (The Electricity Supply Code, Release of New Connections and Related Matters) Regulations, 2020** के विनियम **3.1 (13)** में स्पष्ट उल्लेख किया गया है जो कि निम्वत् है–

**3.1(13) "There Shall not be more than one connection in the name of an applicant/consumer under the same categaory within the same premises".** उपरोक्त विनिमय से स्पष्ट है कि एक ही परिसर में एक ही श्रेणी के एक से अधिक संयोजन एक उपभोक्ता के नाम से निर्गत नहीं किये जा सकते। संधर्भित मामले में उक्त परिसर पर श्रीमती गुड्डी देवी के नाम से घरेलू श्रेणी में संयोजन अवमुक्त है एवं परिवादी श्रीमती अनामिका पत्नी स्व पुस्कर सिंह के द्वारा एक अन्य घरेलू संयोजन हेतु

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण म
(गढ़वाल क्षे
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 248
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrfgz@gmail.co

आवेदन किया गया है, जिसका अनापत्ति प्रमाण पत्र भवन स्वामी श्रीमती गुड्डी देवी द्वारा प्रदान किया गया है। इस परिस्थिति में माननीय् UERC के उपरोक्त विनियम के आलोक में परिवादी श्रीमती अनामिका पत्नी स्व0 पुस्कर सिंह द्वारा चाहे गये उक्त परिसर में नया घरेलू श्रेणी का विद्युत संयोजन निर्गत किया जा सकता है। अतः संधर्भित मामले में परिवादी उक्त परिसर में विद्युत संयोजन प्राप्त करने का अधिकारी है।

विपक्षी द्वारा मान्नीय UERC के उपरोक्त विनियमो का उलंघन किया गया है, जिसे मंच स्वीकार नही कर सकता है। अतः इस परिस्थिति में परिवादी को उनके नाम से नियामानुसार आवेदन करने पर विद्युत संयोजन निर्गत किया जाना तर्कसंगत एवं न्यायोचित होगा।

## आदेश

मंच द्वारा विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि परिवादी द्वारा नियमानुसार आवेदन करने पर उन्हे विद्युत संयोजन अविलंब अवमुक्त करना सुनिश्चित करे। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय/प्रतिकर प्राप्त नही करेंगे। विपक्षी आदेश की अनुपालन आख्या आदेश प्राप्ती के 30 दिनों के अंतर्गत मंच में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80, बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

9-12-2025
(सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

09/12/2025
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

(रजनीश माथुर) 09/12
तकनीकी सदस्य

(Garhwal Zone)
V.C.W.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण
(गढ़वाल
व0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 24
दूरभाषः 0135–2769745, 2769755, 276
कार्यालयः 0135–2763672–75 फैक्स–0135–27
ई–मेल cgrfgz@gmail.c

परिवाद सं0 92 / 2025

श्रीमती सरूली देवी पत्नी श्री पान सिंह
निवासी–काराबरी ग्रांट, निकट मानक
सिद्ध मंदिर, देहरादून।

परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (मोहनपुर)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

विपक्षी

कोरम
श्री रजनीश माथुर
श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली
श्री दीपक फरस्वाण

दिनांकः 22.12.2025
तकनीकी सदस्य
न्यायिक सदस्य
उपभोक्ता सदस्य

## निर्णय

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद उनके विद्युत उपकरण क्षतिग्रस्त हो जाने के उपरांत क्षतिपूर्ति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध मे योजित किया गया है।

परिवादी का कथन है *"कि दिनांक 06 नवम्बर 2025 समय 02 बजकर 30 मिनट दोपहर को हमारे क्षेत्र में अचानक वोल्टेज अत्यधिक बढ जाने के कारण मेरे घर के कई विद्युत उपकरण जैसे चिमनी, इंडक्शन, इलैक्ट्रिक केतली इत्यादि जल गए/ शॉर्ट हो गए। उक्त घटना पूरी तरह से बिजली विभाग की आपूर्ति लाइन में आई वोल्टेज की गडबडी के कारण हुई है। इस कारण मुझे आर्थिक नुकसान उठाना पडा है। अतः आपसे अनुरोध है कि विभागीय नियमों के अनुसार मेरा नुकसान का आकलन कर, उचित क्षतिपूर्ति प्रदान करने कि कृपा करें। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की घटना पुनः न हो, इसके लिए वोल्टेज स्थिरीकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने कि कृपा करें। महोदय मैं*

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrlgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण
(गढ़वाल
व0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 248
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrlgz@gmail.co

*उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम में शिकायत प्रस्तुत करने व आवश्यक कार्यवाही हेतु मेरे पुत्र शिशुपाल सिंह को प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित होने की सहमति प्रदान करती हूँ।"*

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक शून्य दिनांकित 08/12/2025 से मंच को अवगत कराया है *"कि दिनांक 06.11.2025 को संयोजन संख्या MP2142620657I नामें श्रीमती कौशल्या देवी की इनकमिंग केबिल शॉर्ट होकर न्यूट्रल से टच हो रही थी, जिस कारण हाई वोल्टेज की समस्या उत्पन्न हुयी थी, जिस कारण उपभोक्ता श्रीमती सरूली देवी के इलैक्ट्रीक किचन चिमनी, इंडक्शन, इलेक्ट्रीक केतली एवं आर०ओ० खराब हुए थे। जिसको लाइन मैन श्री मनोज द्वारा दिनांक 06.11.2025 को बडोवाला फीडर का शटडाउन लेकर शॉर्ट केबिल को न्यूटल से हटाकर शिकायत का निराकरण कर दिया गया है।"*

उपरोक्त चर्चा के उपरांत मंच द्वारा मान्नीय **Uttarakhand Electricity Regulatory Commission (Standard of Performance Regulations), 2022** के विनियम **6** का संज्ञान लिया गया, जिससे स्पष्ट है कि इस प्रकरण में परिवादी उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के कार्य निष्पादन के मानक विनियम् 2022 के SCHEDULE –III (Guaranteed Standards of Performance and Compensation to affected person in Case of Default) के बिन्दु 3 Quality of Power Supply (for voltage variations) के तहत् क्षतिपूर्ति पाने का अधिकारी है।

## आदेश

मंच द्वारा विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि परिवादी के क्षतिग्रस्त उपकरणों यथा इलेक्ट्रिक किचन चिमनी, इंडक्शन, इलेक्ट्रिक केतली एवं आर0ओ0 आदि की मरम्मत के ऐवज में उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के कार्य

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण म
(गढ़वाल क्षे
व0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली रं
देहरादून – 248(
दूरभाषः 0135–2769745, 2769755, 27619
कार्यालयः 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767:
ई–मेल cgrfgz@gmail.co

निष्पादन के मानक विनियम् 2022 के SCHEDULE –III (Guaranteed Standards of Performance and Compensation to affected person in Case of Default) के बिन्दु 3 Quality of Power Supply (for voltage variations) के तहत् क्षतिपूर्ति प्रदान करें। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय/प्रतिकर प्राप्त नही करेंगे। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80, बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

22-12-2025
(श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

22/12/25
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

22/12/
(रजनीश माथुर)
तकनीकी सदस्य

(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrlgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण
(गढ़वाल
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवर्ल
देहरादून – 24
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276
ई–मेल cgrlgz@gmail.co

## परिवाद सं0 93 / 2025

श्री संदीप सिंह पुत्र श्री भाव सिंह
निवासी–लाईन जीवनगढ,
पो०ओ० आम्बाडी, डाकपत्थर
विकासनगर, देहरादून।

परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (विकासनगर)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
देहरादून।

विपक्षी

कोरम
श्री रजनीश माथुर
श्रीमती सुन्दरी गैरोला देवली
श्री दीपक फरस्वाण

दिनांक: 20.12.2025
तकनीकी सदस्य
न्यायिक सदस्य
उपभोक्ता सदस्य

## निर्णय

परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद उनके विद्युत बिल संशोधित किये जाने के सम्बन्ध में योजित किया गया है।

परिवादी का कथन है कि *"प्रार्थी का माह अगस्त 2025 का बिल घरेलू कनेक्शन में यूनिट 7981 दर्ज है। जो कि गलत एवं अव्यवहारिक है, जिस करण प्रार्थी पर गलत बिल प्रस्तुत किया गया है, महोदय से अनुरोध है कि माह अगस्त 2025 को पुनः संशोधित करने हेतु प्रार्थना करता है। आपकी अति कृपा होगी।"*

उपरोक्त के संन्दर्भ में विपक्षी उपखण्ड अधिकारी ने आख्या पत्रांक 6583, दिनांकित 29 / 11 / 2025 से मंच को निम्नवत अवगत कराया है कि:–

1. *"परिवादी का संयोजन घरेलू श्रेणी की उपश्रेणी STN-10/Other Domestic Load Upto 04 KW में 05 फरवरी 2019 को निर्गत किया गया था, जिसकी संयोजन सं० VN13110411451 है।*

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.VGabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण
(गढ़वाल
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 24
दूरभाष: 0135–2769745, 2769755, 2761
कार्यालय: 0135–2763672–75 फैक्स–0135–276
ई–मेल cgrfgz@gmail.c

2. *परिवादी के परिसर पर दिनांक 08.08.2025 को स्मार्ट मीटर स्थापित किया गया।*
3. *जिस पर पुराने मीटर ( U481051) की रीडिंग 35063 ( 7693 शेष यूनिट ) पायी गयी।*
4. *परिवादी को विद्युत बीजक मीटर रीडिंग के आधार पर निर्गत किए गये है।*

*अतः वाद निरस्त करने योग्य है।"*

विपक्षी द्वारा एक अन्य आख्या पत्रांक संख्या 6741, दिनांकित 06.12.2025 से मंच को अवगत कराया है *"कि मा० फोरम के समक्ष दर्ज शिकायत सं० 93/2025 श्री संदीप कुमार पुत्र श्री भाव सिंह, निवासी– लाईन जीवनगढ़, पो०ओ०– अम्बाडी, डाकपत्थर विकासनगर देहरादून की MRI रिपोर्ट मा० मंच के सम्मुख अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।"*

मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध कंज्यूमर हिस्ट्री के अवलोकन से स्पष्ट है कि विपक्षी द्वारा परिवादी का मीटर 08.08.2025 को बदल दिया गया एव् बिल चक्र 08/2025 में कुल 7981 यूनिट (7693 यूनिट पुराने मीटर + 288 यूनिट नये मीटर) का विद्युत बिल प्रेषित किया गया, यानी दिनांक 17.07.2025 से 08.08.2025 (मीटर बदले जाने की तिथि) अर्थात 23 दिनों की अवधि में परिवादी द्वारा 7693 यूनिट का विद्युत उपभोग किया गया। जो कि 335 यूनिट प्रति दिन की खपत दर्शाता है। कंज्यूमर हिस्ट्री के अवलोकन से स्पष्ट है कि परिवादी द्वारा इतनी अधिक विद्युत खपत पूर्व में कभी नहीं की गई है।

माननीय् ***UTTARAKHAND ELECTRICITY REGULATORY COMMISSION*** के विनियम ***UERC (The Electricity Supply Code, Release of New Connections and Related Matters) Regulations, 2020*** के विनियम ***5.2.1(2)*** के प्रावधानों के अनुसार विपक्षी वास्तविक मीटर रीडिंग पर ही आधारित प्रत्येक बिलिंग चक्र के लिये बिल जारी करेगा।

बिलिंग हिस्ट्री के अवलोकन से स्पष्ट है कि विवादित बिल के पूर्व में विपक्षी द्वारा परिवादी को मीटर्ड यूनिट के आधार पर ही विद्युत बिल निर्गत किये गये है। उपरोक्त विनियम के आलोक से मंच का मत है कि वह सभी वास्तविक खपत के बिल है जो पूर्णतः सही है।

Electricity Consumer Grievance Redressal Forum
(Garhwal Zone)
V.C.V.Gabar Singh Urja Bhawan, Kanwali Road
Dehradun -248001
Phone 0135- 2769745, 2769755, 2761956
Office : 0135-2763672-75 Ext. 257 Fax: 2767395
E-Mail – cgrfgz@gmail.com

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण
(गढ़वाल
वि0क्रॉ0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, कॉवली
देहरादून – 248
दूरभाषः 0135–2769745, 2769755, 2761
कार्यालयः 0135–2763672–75 फैक्स–0135–2767
ई–मेल cgrfgz@gmail.co

मंच का मत है कि माननीय् UERC के उपरोक्त विनियम के आलोक में माह अगस्त 2025 में प्रेषित विद्युत बीजक पूर्व की तीन बिल चक्रों 07/2025, 06/2025 एवं 05/2025 की औसत खपत 573.66 यूनिट अर्थात् 574 यूनिट (700+490+531/3=573.66 यूनिट) पर संशोधित होने योग्य है।

## आदेश

मंच द्वारा विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि परिवादी को माह अगस्त 2025 में प्रेषित विद्युत बीजक निरस्त कर उक्त विद्युत बीजक पूर्व की तीन बिल चक्रों 07/2025, 06/2025 एवं 05/2025 की औसत खपत 573.66 यूनिट अर्थात् 574 यूनिट (700+490+531/3=573.66 यूनिट) पर सशोधित करें, इस प्रकार संशोधित बीजक पर किसी भी प्रकार का सरचार्ज देय नहीं होगा। सहायक अभियन्ता (राजस्व) की आख्या पत्रांक संख्या 6741 दिनांक 06.12.2025 के साथ संलग्न एम0आर0आई0 रिपोर्ट के अध्ययन से स्पष्ट है कि मीटर रीडर की लापरवाही/मिलीभगत होने के कारण परिवादी को कम रीडिंग के बिल निर्गत किये जा रहे थें, जिस कारण मीटर में यूनिट जमा हो गई जो की पुराने मीटर को स्मार्ट मीटर से बदले जाने के समय उजागर हुई। परिवादी द्वारा एकाएक अत्याधिक धनराशि का बिल प्राप्त होने पर अपनी आपत्ति मंच के समक्ष रखी। मंच द्वारा अपने उपरोक्त मत के क्रम में विवादित बिल को निरस्त कर दिया गया और पूर्व तीन बिल चक्रों की औसत खपत पर संशोधित करने का आदेश विपक्षी को दिया जिस कारण विपक्षी को वित्तीय हानी हुई। पूर्व मे भी मंच के समक्ष एसे मामले सामने आए है, जिस में मंच द्वारा समरूप निर्णय लिये गये है। मंच द्वारा विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि अपने स्तर से बिलिंग एजेंसी की कार्य प्रणाली में सुधार हेतु आवश्यक कार्यवाही करें ताकि provisional billing एवं accumulated reading आदि शिकायतों में कमी आ सके जिससे विभाग एवं प्रदेश को होने वाली राजस्व हानि से बचा जा सके। उभय पक्ष एक दूसरे से किसी प्रकार का वाद व्यय/प्रतिकर प्राप्त नहीं करेंगे। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80 बसंत विहार, देहरादून में अपील कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

20-12-2025
(सुन्दरी गैरोला देवली)
न्यायिक सदस्य

20/12/25
(दीपक फरस्वाण)
उपभोक्ता सदस्य

(रजनीश माथुर) 20/12/25
तकनीकी सदस्य